राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजभवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

जयपुर, 30 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा नमन करते हुए उनके बताए सत्य, अहिंसा और नैतिकता के मार्ग पर चलते उनके बताए आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया है।

राजभवन में मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बापू की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने राज्यपाल की ओर से गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा नमन किया।